# चित्रकूट पुलिस

**(1).** “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल के तहत जनपद के समस्त थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित

आज दिनांक 13.08.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से

सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।
(3). जनपद में लगातार हो रही वर्षा के कारण बरदहा नदी में आई बाढ़ से ग्राम पंचायत ऊंचाडीह के मजरा चमरौहा का संपर्क मार्ग प्रभावित होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति तथा आवागमन की स्थिति का जायजा लिया।

वर्तमान में बरदहा नदी में पीएसी की स्टीमर बोट लगाई गई है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों तक आवश्यक वस्तुओं का आदान-प्रदान एवं पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने स्टीमर बोट की व्यवस्था किए जाने पर जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इससे आवागमन एवं आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता में काफी सहूलियत हो रही है।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का भी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने शिविर में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों से दवाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने वाले लोगों की जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि पूर्व दिवस लगभग 100 लोगों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं एवं दवाओं का लाभ लिया गया, जबकि आज दोपहर 2 बजे तक लगभग 75 लोगों को दवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं।

जिलाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर गांव की समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा सड़क, नाली एवं विद्युत संबंधी समस्याओं से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर सड़क एवं नालियों की स्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए तथा ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

कुछ ग्रामीणों द्वारा बरदहा नदी पर पुल निर्माण की आवश्यकता बताई गई, जिससे क्षेत्र में आवागमन सुचारु रूप से संचालित हो सके। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इसकी कार्ययोजना बनाकर प्राथमिकता से शासन को भेजी जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से क्षेत्र में होने वाली प्रमुख फसलों के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में मुख्य रूप से गेहूं, धान एवं सरसों की खेती की जाती है। जिलाधिकारी ने किसानों को चना, मूंग एवं मिलेट्स जैसी कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों की खेती पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इन फसलों में पानी की आवश्यकता अपेक्षाकृत कम होती है तथा किसानों को अच्छी पैदावार के साथ बेहतर आय भी प्राप्त हो सकती है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

(4). आज दिनाँक 21.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूषकांत राय द्वारा क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री यामीन अहमद की उपस्थिति में थाना पहाड़ी का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना व हवालात का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार हेतु सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री निशिकांत राय एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(5). आज दिनाँक 21.08.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में श्रावण मास एवं कांवड यात्रा के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का भरोसा दिया गया तथा पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।